यही अरदास है बाबा

अपने चरणों मे साई जी सदा बिठाकर रखना,
जैसे भी हालात हों मुझको दूर कभी ना करना,
यही अरदास है बाबा, मेरी अरदास है बाबा...

भूलभुलैया है ये दुनिया राह भटक ना जाऊं,
हाथ जोड़कर साई जी मैं तुमसे इतना चाहूँ,
मेरे सिर पर साई अपना हाथ सदा ही रखना,
जैसे भी हालात हों मुझको दूर कभी ना करना,
यही अरदास है बाबा, मेरी अरदास है बाबा....

राहों का मुझे पता नही मंजिल कैसे पाऊंगा,
आपके बिन दो कदम भी साई चल मैं नहीं पाऊंगा,
मेरे उंगली पकड़के साई साथ हमेशा चलना,
जैसे भी हालात हों...

जो कुछ पाया इस जीवन मे आपसे ही तो पाया,
इस जीवन मे आपने मेरा हर पल साथ निभाया,
जैसे अब तक साथ निभाया वैसे निभाते रहना,
जैसे भी हालात हों....

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/28924/title/yahi-ardas-hai-baba

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |